पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले नोबल विजेता कैलाश सत्यार्थी</u>

लखनऊः 27 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी ने अपनी पत्नी श्रीमती सुमेधा कैलाश के साथ भेंट की। राज्यपाल ने श्री सत्यार्थी को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा पुस्तक 'बर्ड्स आफ राजभवन उत्तर प्रदेश', 'बर्ड्स आफ उत्तर प्रदेश' तथा अपने द्वितीय वर्ष का कार्यवृत्त 'राजभवन में राम नाईक 2015-16' भेंट किया।

राज्यपाल ने श्री कैलाश सत्यार्थी द्वारा बाल अधिकारों एवं बच्चों के पुनर्वास के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने श्री सत्यार्थी को बताया कि वे उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद के पदेन अध्यक्ष भी हैं। यह संस्था राज्य में निर्धन एवं निराश्रित बच्चों की उन्नति के लिये योजनायें लागू करने, बाल कल्याण कार्य हेतु स्थापित रोजगार केन्द्रों में प्रशिक्षण/विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने तथा बाल कल्याण से संबंधित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन का कार्य करती है। उन्होंने श्री सत्यार्थी से बाल कल्याण परिषद की कार्य पद्धति को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे तथा अपने द्वारा गत चालीस वर्षों से अधिक समय से कुष्ठ पीड़ितों के उपचार, पुनर्वास एवं सामाजिक उत्थान के लिए किए गये कार्यों के बारे में भी चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि श्री कैलाश सत्यार्थी डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ एवं डॉ0 कलाम सेंटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम स्मृति अंतर्राष्ट्रीय युवा कॉनक्लेव ' के दूसरे दिन के सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होने के लिए लखनऊ आये थे। युवा कॉनक्लेव का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव द्वारा आज किया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (262/32)